खबरों में रहे स्टॉक

बैंक ऑफ महाराष्ट्र



वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 95 प्रतिशत बढ़ा

₹ 31.5 पिछला बंद भाव
₹ 33.3 आज का बंद भाव
5.7 % ▲

बीकाजी फूड्स इंटरनैशनल

भुजियालालजी प्राइवेट लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

₹ 426.4 पिछला बंद भाव
₹ 449.1 आज का बंद भाव
5.3 % ▲

जुबिलैंट फार्मोवा



वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में समेकित लाभ 86 प्रतिशत लुढ़का

₹ 398.2 पिछला बंद भाव
₹ 386.3 आज का बंद भाव
-3.0 % ▼

टॉरंट पॉवर



गुजरात के द्वारका में 115 मेगावॉट की पवन ऊर्जा परियोजना चालू

₹ 618.0 पिछला बंद भाव
₹ 625.6 आज का बंद भाव
1.2 % ▲

टाटा कॉफी



वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के दौरान लाभ पिछले साल के मुकाबले पांच प्रतिशत बढ़ा

₹ 247.8 पिछला बंद भाव
₹ 250.1 आज का बंद भाव
0.9 % ▲

संक्षेप में

आईओसी का यूएई की एडनॉक के साथ करार

देश की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एडनॉक गैस कंपनी से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आयात करने के लिए सात से नौ अरब डॉलर का समझौता किया है। एडनॉक गैस ने बुधवार को बयान में कहा कि 14 साल की अवधि वाले इस समझौते के तहत आईओसी को सालाना 12 लाख टन एलएनजी का निर्यात किया जाएगा। इस समझौते के तहत आईओसी को गैस की आपूर्ति वर्ष 2026 से शुरू होगी। पूरे समझौता काल में निर्यात की जाने वाली गैस का मूल्य सात अरब डॉलर से लेकर नौ अरब डॉलर तक रह सकता है। इंडियन ऑयल ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान भी फ्रांसीसी कंपनी टोटालएनर्जीज के साथ इसी तरह का समझौता किया था। टोटाल एनर्जीज गैस ऐंड पावर लिमिटेड के साथ सौदा वर्ष 2026 से अगले 10 वर्षों के लिए सालाना आठ लाख टन एलएनजी के आयात का हुआ है। *भाषा*

सोना 650 रुपये मजबूत, चांदी 600 रुपये तेज

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 650 रुपये की तेजी के साथ 60,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये के उछाल के साथ 77,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। *भाषा*

यूरोप पर ध्यान बढ़ा रही विप्रो

आयुष्मान बरुआ
बेंगलूरु, 19 जुलाई

आईटी सेवा प्रदाता विप्रो यूरोपीय बाजार में प्रमुख क्षेत्रों में अपना ध्यान बढ़ा रही है। विप्रो के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक थिएरी डेलापोर्ट ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हमारे यूरोपीय व्यवसाय का सफर पिछले कुछ वर्षों के दौरान शानदार रहा है। यह व्यवसाय 1.8 अरब डॉलर से नीचे था और मौजूदा समय में यह 3 अरब डॉलर से ऊपर है। यह एक मजबूत और शानदार प्रदर्शन वाला व्यवसाय है।'

डेलापोर्ट ने कहा कि विप्रो ने प्रमुख यूरोपीय बाजारों में मजबूत दिग्गजों को पेश किया है। डेलापोर्ट ने कहा, 'अब हमारे पास इन सभी बाजारों में सीईओ और नेतृत्व टीमें हैं, जो बैंकिंग और बीमा पर केंद्रित महत्वपूर्ण उद्योगों को देखती हैं, लेकिन देशों के आधार पर, उदाहरण के तौर पर स्विटजरलैंड में निर्माण और लाइफ साइंस प्रमुख होंगे। जर्मनी में, ऑटोमोटिव सेक्टर हमारे लिए एक व्यापक बाजार है। इसलिए हमने इनमें से प्रत्येक बाजार में, प्रति उद्योग एक खास रणनीति है।'

मार्च 2021 में, विप्रो ने अपने यूरोपीय परिचालन के लिए सीईओ के तौर पर पिएरे ब्रूनो को नियुक्त किया था। वे डेलापोर्ट की शुरुआती नेतृत्व नियुक्तियों का हिस्सा थे और पूरे यूरोप में 6 अलग अलग क्षेत्रों में उन्होंने विप्रो के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में योगदान दिया।

डेलापोर्ट ने कहा कि विप्रो ने यूरोप में निवेश किया और अपनी नीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया तथा इन सभी बाजारों में भागीदारी बढ़ाने में सफलता हासिल की। उन्होंने कहा, 'दक्षिण यूरोप या नॉर्डिक्स जैसे क्षेत्र मौजूदा समय में 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं। इसलिए संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।'

जून तिमाही में विप्रो का यूरोपीय व्यवसाय स्थिर मुद्रा के संदर्भ में सालाना आधार पर 4.1 प्रतिशत बढ़ा और पहली तिमाही के कुल राजस्व में इसका योगदान 29.5 प्रतिशत रहा। इस राजस्व वृद्धि को दक्षिणी यूरोप और नॉर्डिक्स से मदद मिली, जिनमें पहली तिमाही के दौरान 26 प्रतिशत और 14 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। पूर्ववर्ती वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान कुल व्यवसाय में यूरोप का योगदान 28.3 प्रतिशत था।

इस क्षेत्र में अपनी विकास रणनीति के तहत विप्रो अपने नजदीकी केंद्रों को और मजबूत बनाने पर जोर देगी। डेलापोर्ट ने कहा, 'हमारा सबसे बड़ा केंद्र रोमानिया में है। लेकिन हमारी मौजूदगी पोलैंड और पुर्तगाल में भी है और हम इन केंद्रों को लगातार बढ़ाने पर जोर देते रहेंगे।'

वाईसीपी ऑक्टस में पार्टनस अभिषेक मुखर्जी ने कहा, 'वास्तविकता यह है कि विप्रो में यूरोपीय संघ-केंद्रित सीईओ है, जिससे कंपनी को व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, उत्तरी यूरोप को 'टेक टेलेंट', खासकर डीप टेक के केंद्र के तौर पर पहचान हासिल है। डीप टेक और एआई परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने से इन बाजारों में विप्रो की मौजूदा उपस्थिति मजबूत होगी।'



विस्तार पर नजर

- मौजूदा समय में कंपनी का यूरोपीय व्यवसाय 3 अरब डॉलर से ज्यादा का है
- जून तिमाही में विप्रो का यूरोपीय व्यवसाय सालाना आधार पर 4.1 प्रतिशत बढ़ा और कुल राजस्व में इसका योगदान 29.5 प्रतिशत रहा
- पिएरे ब्रूनो विप्रो के यूरोपीय परिचालन के मुख्य कार्याधिकारी हैं
- गत वर्ष विप्रो ने यूरोप में साइबर सुरक्षा परामर्श सेवा शुरू की थी

कॉग्निजेंट ने 6 महिला अधिकारियों को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया

आयुष्मान बरुआ
बेंगलूरु, 19 जुलाई

कॉग्निजेंट ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) पद के लिए छह महिलाओं को नियुक्त किया है। इनमें पदोन्नति और नई नियुक्तियों का संयोजन शामिल है, जो मुख्य कार्याधिकारी रवि कुमार एस के अंतर्गत नेतृत्व परिवर्तन का संकेत देता है।

जनवरी 2023 में कुमार द्वारा मुख्य कार्याधिकारी के रूप में शामिल होने के बाद से कॉग्निजेंट में नेतृत्व परिवर्तन देखा गया है। तीन प्रमुख अनिवार्यताओं - आईटी सेवा फर्म उद्योग में कंपनी को पसंदीदा नियोक्ता बनाना, राजस्व वृद्धि में तेजी लाना और परिचालन अनुशासन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा कुमार की प्रमुख प्राथमिकताओं में नेतृत्व वाले पदों सहित कॉग्निजेंट की विविध प्रतिभा को बढ़ाना है। वर्ष 2021 में कॉग्निजेंट में शामिल होने वाली एलिसा डी रोक्का-सेरा को पदोन्नत करके ईएमईए जनरल काउंसिल ऐंड कॉन्ट्रैक्ट लाइफसाइकल रिस्क मैनेजमेंट (सीएलआर-एम) की एसवीपी नियुक्त किया गया है। थिया हेडन, जो वर्ष 2020 में कॉग्निजेंट में शामिल हुईं थी, अब वैश्विक विपणन की एसवीपी हैं।

पेट्रीसिया (ट्रिश) हंटर-डेन्ही को हेल्थकेयर प्रदाता/पेयर बिजनेस इकाई की एसवीपी के रूप में पदोन्नत किया गया है। वर्ष 2018 में कंपनी में शामिल होने वाली शैलजा जोस्युला को भी एसवीपी के रूप में पदोन्नत किया गया है। स इसके अलावा अर्चना रमणकुमार और सैंड्रा नटार्डोनाटो को कॉग्निजेंट में एसवीपी के रूप में नियुक्त किया गया है।

टीसीएस, जीई हेल्थकेयर की भागीदारी बढ़ी

शिवानी शिंदे
मुंबई, 19 जुलाई

टीसीएस की सेवा जीई हेल्थकेयर को 1 अरब से ज्यादा मरीजों को देखभाल समाधान मुहैया कराने में सक्षम बनाएंगी

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने घोषणा की है कि वह जीई हेल्थकेयर के साथ अपनी भागीदारी बढ़ा रही है। अमेरिका की कंपनी के आईटी परिचालन में बदलाव लाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए टीसीएस ने अपनी भागीदारी बढ़ाई है। इस बदलाव से जीई हेल्थकेयर को 160 देशों में 1 अरब से ज्यादा मरीजों को देखभाल संबंधित तकनीकी समाधान मुहैया कराने में मदद मिलेगी। टीसीएस ने इस सौदे के आकार या वित्तीय विवरण की जानकारी नहीं दी है।

यह भागीदारी जीई हेल्थकेयर के ऐप्लीकेशन एस्टेट का प्रबंधन करने के लिए नया परिचालन मॉडल पेश करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा है कि टीसीएस उद्यम आईटी ऐप्लीकेशनों के विकास, रखरखाव और मानकीकरण का प्रबंधन करेगी।

जीई हेल्थकेयर के मुख्य सूचना अधिकारी जाहिद खांडाकेर ने कहा, 'जीई हेल्थकेयर एक ऐसा टिकाऊ और वैश्विक आईटी परिचालन मॉडल तैयार कर रही है जो सटीक और सहानुभूति के साथ देखभाल मुहैया कराने के लिए डिजिटलीकृत बदलाव और नवाचार पर केंद्रित है। टीसीएस के साथ साझेदारी से हमें एक ऐसी दुनिया तैयार करने के अपने उद्देश्य की दिशा में मदद मिलेगी, जिसमें हेल्थकेयर के लिए सीमाएं नहीं हैं। हम तेजी से मरीजों की जरूरतें पूरी कर सकेंगे, चिकित्सकीय तकनीकी शोध और एक खास देखभाल समाधान में निवेश को बढ़ावा दे सकेंगे।'

टीसीएस परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अपनी उन्नत सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कार्य प्रणालियों और आर्टीफिशियल (एआई) का लाभ उठाएगी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

सार्वजनिक सूचना

पट्टे पर परिसर लेने के लिए बोलियां/ प्रस्ताव आमंत्रित करना

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को लगभग 1022 वर्ग मीटर (11000 वर्ग फुट) (+15%) कारपेट एरिया के परिसर की आवश्यकता है जो सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में सीबीडी बेलापुर रेलवे स्टेशन के आसपास (अधिमानतः 1 किमी के भीतर हो) तथा आईटी स्थापना के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान और बिजली की आपूर्ति के साथ हो. कृपया कोई दलाल या मध्यस्थ प्रस्ताव न करें. सरकारी/ अर्धसरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी. कृपया वेबसाइट **http://www.centralbankofindia.co.in** से प्रारूप/ नियम और शर्तें डाउनलोड करें. प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **11.08.2023** अपराह्न **03:00** तक है.

स्व/-
स्थान: मुंबई सहायक महाप्रबंधक-
दिनांक: 19.07.2023 बीएसडी

सीईओ को मिला 10.55 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक

वित्त वर्ष 23 की बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन को वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान पारिश्रमिक के रूप में 10.55 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। इसमें 2.82 करोड़ रुपये का मूल वेतन और 3.31 करोड़ रुपये के भत्ते एवं सुविधा राशि भी शामिल है। *बीएस*

विलय से मिलेगी मदद : जगदीशन

देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी शशिधर जगदीशन ने कहा है कि हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनैंस कॉर्प (एचडीएफसी) के साथ विलय के बाद बैलेंसशीट के आकार में वृद्धि से एचडीएफसी बैंक को बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं में बड़ा निवेश करने में मदद मिलेगी।

एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक का विलय 1 जुलाई से लागू हो गया है। विलय वाली इस कंपनी की 30 जून को संयुक्त लोन बुक 22.45 लाख करोड़ रुपये और जमा राशि 20.63 लाख करोड़ रुपये थी।

जगदीशन ने वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को अपने संबोधन में कहा कि विलय के बाद बड़ी बैलेंस शीट एचडीएफसी बैंक को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बड़ा निवेश करने में सक्षम करेगी। इसका मतलब यह है कि हम भारत की विकास गाथा में अधिक सार्थक रूप से भाग ले सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर चार साल में कारोबार दोगुना करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इन सबके मद्देनजर, जिस रफ्तार से हम वृद्धि करना चाहते हैं, उससे हम हर चार साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बना सकते हैं। इस विलय के अवसर के संबंध में टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे केवल दो प्रतिशत ग्राहक बैंक के जरिये अपना आवास ऋण लेते हैं, जबकि पांच प्रतिशत अन्य संस्थानों के जरिये ऐसा करते हैं। यह अपने आप में एक बहुत बड़ा अवसर है।

उन्होंने कहा कि चूंकि भारत विकास कर रहा है, इसलिए देश भर में घर खरीदने में तेजी ही आएगी और यह अगले दशक में भारत की जीडीपी के प्रमुख चालक के रूप में उभरेगा, खास तौर पर किफायती आवास। उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश महत्वपूर्ण है।

जगदीशन ने कहा कि एचडीएफसी बैंक चालू वित्त वर्ष में भी 1,000 से अधिक शाखाएं जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बैंक वर्ष के दौरान 1,500 से लेकर 2,000 तक अतिरिक्त शाखाएं जोड़ने की योजना बना रहा है। बैंक की योजना वित्त वर्ष 24 में 675 ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाएं (एसयूआरयू) खोलने की है, जिससे उन स्थानों में शाखाओं की कुल संख्या बढ़कर 5,000 हो जाएगी। 31 मार्च, 2023 तक एचडीएफसी बैंक की 7,821 शाखाएं और 8.23 करोड़ ग्राहक थे। *बीएस*

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ बढ़ा

जून 2023 को समाप्त होने वाली तिमाही (वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही) में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ पिछले साल की तुलना में 95.2 प्रतिशत इजाफे के साथ 882.08 करोड़ रुपये हो गया। इसमें शुद्ध ब्याज आय में खासी वृद्धि और फंसे ऋणों के प्रावधानों में गिरावट से मदद मिली है।

पुणे के इस सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता का लाभ पिछली तिमाही के मुकाबले पांच प्रतिशत बढ़ा है, जो मार्च 2023 (वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही) को समाप्त होने वाली तिमाही में 840.04 करोड़ रुपये था। बीएसई पर इसका शेयर 5.65 प्रतिशत बढ़कर 33.28 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में शुद्ध ब्याज आय 38.8 प्रतिशत बढ़कर 2,339.72 करोड़ रुपये हो गई। *बीएस*

चिप आपूर्ति सुधरी, कुछ वेरिएंट में कमी

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 19 जुलाई

एमजी मोटर इंडिया को सेमी कंडक्टर चिप की आपूर्ति अब कमोबेश ठीक हो गई है और महज कुछ ही वेरिएंट में कमी देखी जा रही है। यह जानकारी कंपनी के उप प्रबंध निदेशक गौरव गुप्ता ने दी।

सायम के आंकड़ों के अनुसार, चीनी कंपनी एसएआईसी के स्वामित्व वाली एमजी मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री वित्त वर्ष 2022-23 में 21 फीसदी बढ़ गई। कंपनी ने 48,866 गाड़ियां बेची थीं। एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्याधिकारी राजीव छाबा ने अप्रैल में कहा था कि कंपनी सेमीकंडक्टर चिप की कमी को पिछले साल अपनी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में संभालने में सक्षम नहीं थी मगर इस साल स्थिति काफी सुधरी है।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी 80 हजार से एक लाख गाड़ियों की बिक्री की योजना बना रही है। गुप्ता ने बिज़नेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में कहा, 'हम इस ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हम सही दिशा में हैं और लक्ष्य हासिल करने के रास्ते पर हैं।' वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में कंपनी की घरेलू बिक्री 40 फीसदी बढ़ गई और इसने 14,682 गाड़ियां बेचीं। गुप्ता ने कहा, 'चिप की स्थिति कमोबेश ठीक हो गई है मगर कुछ वेरिएंट को लेकर चुनौतियां बनी हुई हैं जिनके लिए विशेष चिप की जरूरत होती है।

MUTHOOT MERCANTILE
Muthoot Mercantile Limited
Regd.Office: 'Muthoot Floors',Opp:W & C Hospital, Thycaud,Trivandrum,Kerala - 695014

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with the undermentioned branches of the company in different branches of Madhya Pradesh for the period which were overdue for redemption and have not been redeemed so far in spite of repeated notices, will be auctioned on 29-07-2023 at the specified branch as per the details given below.
Specified branch: ROHIT NAGAR (Ph: 0471-2774800, 7994736555).
PLEDGE NOS: AshokaGarden:1019,1075,1089,1090,1114,1158,1187,1238,1260,1264, 1285,1294.**Kolar Road:**1055,1105,1140,1141,1162,1239.**Rohit Nagar:**1088,1090,1097, 1098,1101,1134,1160,1171,1174.**Bairagarh:**1019,1052,1140.**Sonkatch:**1018,1020,1022,1023,1026, 1038,1041,1042,1075,1080,1096,1109,1110,1121,1131,1142,1145,1149,1153,1156,1158,1159,1167, 1169,1173,1175,1177,1185,1187,1215,1216,1218,1220,1223,1228,1233,1239,1241,1243,1249,1251, 1256,1265,1270,1278,1280,1285.**Itarsi:**1254,1307,1317,1444.**Sehore:**1015,1022,1034,1037.
Place: Trivandrum, Date: 19-07-2023 for Muthoot Mercantile Limited, Chairman

IndoStar Home Finance Private Limited
Regd. Office: - Unit No. 305, 3rd Floor, Wing 2/E, Corporate Avenue, Andheri- Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400093
CIN : U65990MH2016PTC271587 **Tel:** +91 22 45107701
Email: contact@indostarhfc.com; **Website:** www.indostarhfc.com

सूचना

एतद्द्वारा मूल निर्देश-गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-हाउसिंग फाइनैंस कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देशावलियां, 2021 के अनुच्छेद 93 के मद्देनजर सूचना दी जाती है कि **धन ट्राइडेंट, कार्यालय नं. 322 एवं 323, ब्लॉक नं. बी3, पीयू 4, विजय नगर स्क्वायर के निकट, स्कीम नं.-54, इंदौर-452010** में स्थित कंपनी का शाखा कार्यालय **20 अक्टूबर, 2023** के व्यवसायिक घंटे के समाप्त होने के साथ बंद कर दिया जाएगा। किसी भी तरह की सहायता की जरूरत पड़ने पर आप यहां ऊपर उल्लेखित निकटवर्ती शाखा कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **contact@indostarhfc.com** पर ईमेल भेजें।
यह सूचना कंपनी की वेबसाइट (**www.indostarhfc.com**) पर देखी जा सकती है।

कृते **इंडोस्टार होम फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड**
हस्ता/-
निधि सदानी
तारीखः 19-07-2023 **कंपनी सचिव**

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500 028.
नेगम पहचान संख्या (सीआईएन) : L13100TG1958GOI001674

संविदा विभाग

निविदा-पूर्व बैठक की सूचना **दिनांक : 20-07-2023**
एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक "नवरत्न" कंपनी है जो " **बैलाडीला लौह अयस्क खान, एनएमडीसी, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स (छत्तीसगढ़) के निक्षेप 14 एवं निक्षेप 11सी के नए क्रसिंग प्लांट एवं डाउनहिल कन्वेयर सिस्टम कार्य के लिए अनुभवी, प्रतिष्ठित एवं सक्षम घरेलू बोलीकर्ताओं से दिनांक 26-27/07/2023 (11.00 बजे) को निविदा पूर्व-बैठक में** " भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है।
बैठक का स्थान : एम एन दस्तुर एंड कंपनी (प्रा.) लिमिटेड, पी 17, मिशन रो एक्सटेंशन, कोलकाता - 700 013.
बैठक की कार्यसूची, कार्य के प्रारंभिक क्षेत्र, समय-सूची, परियोजना स्थल इत्यादि से संबंधित विस्तृत विवरण प्राप्त करने के लिए बोलीकर्ता एनएमडीसी की वेबसाइट **http://www.nmdc.co.in** पर जाएं।
इस के अलावा, किसी भी जानकारी के लिए बोलीकर्ता सीधे अथवा ईमेल के माध्यम से निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।
श्री एस.साहू, सहायक महाप्रबंधक (यांत्रिक) - **एनएमडीसी लिमिटेड** (मोबाइल 9490479089) **contracts@nmdc.co.in**
श्री अंगशुमन बसु, चीफ इंजीनियर - **एम. एन. दस्तुर** (मोबाइल 9830127124) **Angshuman.B@dastur.com**
अधिशासी निदेशक (कार्य)

IndiaShelter Home Loans
इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट–15, छठा तल, सेक्टर–44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरूग्राम, हरियाणा–122002. **शाखा कार्यालय :** प्लॉट नंबर : 226–227, प्रथम तल, पीयू–4, स्कीम नंबर 54, ब्रज लक्ष्मी, लैंडमार्क–होटल श्योर स्टे के पीछे, रसोमा स्क्वायर, इन्दौर–450021, मध्य प्रदेश

सार्वजनिक सूचना - अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए नीलामी

[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के तहत] वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन (आईएसएफसी) (प्रतिभूत लेनदार) के पास बंधक अचल सम्पत्ति/यों की बिक्री हेतु सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार/रों तथा गारंटर(रों) अथवा उनके कानूनी वारिस/सों प्रतिनिधियों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति/यां, जिनका कब्जा आईएसएफसी (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों अथवा गारंटरों से बकाया राशि की वसूली के लिए दिनांक 21–08–2023 (नीलामी की तिथि) को "जैसी है जहां है", जैसी है तो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएंगी। सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा नीचे वर्णित की गई है। सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी राशि युक्त सीलबंद लिफाफा आईएफएससी के प्राधिकृत अधिकारी के पास 19–08–2023 को अथवा पूर्व पूर्वा. 10 बजे से अप. 5 बजे तक शाखा/कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर : 226–227, प्रथम तल, पीयू–4, स्कीम नंबर 54, ब्रज लक्ष्मी, लैंडमार्क–होटल श्योर स्टे के पीछे, रसोमा स्क्वायर, इन्दौर–450021, मध्य प्रदेश में जमा करना होगा।

ऋण खाता सं.	कर्जदार(रों)/सह– कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों)/कानूनी वारिस(सों)/ कानूनी प्रतिनिधि का नाम	मांग सूचना की तिथि तिथि तक बकाया राशि	कब्जा का प्रकार (प्रलक्षित/भौतिक के तहत)	सुरक्षित मूल्य	धरोहर राशि
HL45CHLONS0 00005039323 एवं LA45CLLONS00 0005041389	कीर्ति पांजे/ पंकज पांजे	मांग सूचना दिनांकित 13–02–2023 रू. 15,92,368.19/– (रूपए पंद्रह लाख बानवे हजार तीन सौ अड़सठ तथा पैसे उन्नीस मात्र) दिनांक 10–02–2023 तक बकाया	भौतिक कब्जा 27–04–2023	रू. 15,35,000/– (रूपए पंद्रह लाख पैंतीस हजार मात्र)	रू. 1,53,500/– (रूपए एक लाख तिरेपन हजार पांच सौ मात्र)

सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 206, द्वितीय तल, महा मंगला श्री रेजीडेंसी, ब्लॉक ए, स्थित प्लॉट नंबर ए–09, शंखेश्वर सिटी कालोनी, ग्राम जाख्या, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, कुल सुपर बिल्ट अप एरिया : 695 वर्ग फीट, चौहद्दी –पूरब : फ्लैट नंबर 207, उत्तर : खुला, पश्चिम : जीना, दक्षिण : खुला रास्ता

नियम और शर्तें :
1) निर्धारित निविदा/बोली प्रपत्र तथा बिक्री के नियम और शर्तें शाखा/कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर : 226–227, प्रथम तल, पीयू–4, स्कीम नंबर 54, ब्रज लक्ष्मी, लैंडमार्क–होटल श्योर स्टे के पीछे, रसोमा स्क्वायर, इन्दौर–450021, मध्य प्रदेश से प्रत्येक कार्य दिवस को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।
2) अचल सम्पत्ति सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
3) उपरोक्त सम्पत्ति/यों के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी बोलियों/निविदाओं के साथ उपरिवर्णित अनुसार धरोहर राशि संलग्न करनी होगी। ईएमडी "इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड" के पक्ष में होनी चाहिए। असफल बोलीदाताओं की ईएमडी राशि, नीलामी के बाद, वापस की जाएगी।
4) उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा परंतु शर्त यह है कि वह बोली देने हेतु कानूनी रूप से योग्य होना चाहिए और कि बोली राशि सुरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी को उच्चतम बोली अस्वीकार करने का विवेकाधिकार होगा, यदि प्रस्तावित राशि उसको स्वीकार करने हेतु अपर्याप्त प्रतीत होती है
5) भविष्यलक्षी बोलीदाता भेंट का समय पूर्व निर्धारित कर सम्पत्ति का निरीक्षण 10–08–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे तथा अप. 5.00 बजे के बीच कर सकते हैं।
6) सफल बोलीदाता घोषित किए जाने वाले व्यक्ति को, घोषणा के तत्काल पश्चात, क्रय रशि/उच्चतम बोली की 25 प्रतिशत राशि, जिसमें ईएमडी राशि सम्मिलित होगी, प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के भीतर जमा करनी होगी और इसके जमा करने में चूक करने पर सम्पत्ति नई नीलामी/प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाएगी।
7) उपरोक्तानुसार आरंभिक राशि जमा करने के बाद, क्रय राशि की शेष राशि, क्रेता द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को सम्पत्ति की बिक्री पुष्टि की तिथि से, उस दिन को छोड़कर, 15वें दिन को अथवा पूर्व, या 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्यदिवस को अदा करनी होगी।
8) उपरिवर्णित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति नई नीलामी/प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाएगी। जमा की जा चुकी राशि ईएमडी सहित इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे समाप्त माने जाएंगे।
9) उपरोक्त बिक्री आईएसएफसी द्वारा अंतिम स्वीकृति के अधीन होगी, इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि सांविधिक और अन्य बकाया जैसेकि बिक्री/सम्पत्ति कर, बिजली बकाया तथा सोसायटी बकाया की जांच/पुष्टि संबंधित विभागों/कार्यालयों से कर लें। कम्पनी सम्पत्ति पर किसी बकाया के भुगतान की जिम्मेदारी नहीं लेगी।
10) 1 प्रतिशत टीडीएस, यदि कोई, उच्चतम बोलीदाता द्वारा उच्चतम घोषित बोली राशि पर देय होगा। उच्चतम बोलीदाता को भुगतान कम्पनी के पैन में करना होगा तथा चालान की प्रति कम्पनी में प्रस्तुत करनी होगी।
11) बिक्री पूर्णतया इस विज्ञापन में और निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी।
12) सफल बोलीदाता/क्रेता को बिक्री प्रमाणपत्र पंजीकृत करवाने के लिए कानून के अनुसार लागू सभी स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और अनुषंगी खर्चे वहन करने होंगे।
13) प्राधिकृत अधिकारी को बोली स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए निविदा प्रास्थगित/स्थगित/निरस्त करने और बिना कोई पूर्व सूचना दिए इस बिक्री के नियमों एवं शर्तों में संशोधन करने का पूर्ण अधिकार है।
14) इच्छुक बोल